# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.08.2024 समय : 1905

- **कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल से देशभर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई है।**
- **स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों से हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा।**
- **दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आज हम्फ्रीगंज, छोलदारी और सीपीघाट क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकासीय कार्यों का निरीक्षण किया।**
- **सरकार नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों तक किसानों की पहुंच बनाने के लिए रेडियो पर एक कार्यक्रम किसानों की बात आरंभ करेगी।**
- **अंडमान निकोबार पुलिस ने वित्तीय साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए परामर्श जारी किया है।**

<><><><><><><>

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में भारतीय चिकित्सा संघ– आई.एम.ए. ने आज चौबीस घण्टे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। आई.एम.ए. ने सुबह छह बजे से ओ.पी.डी. और अन्य समान्य सेवाएं बन्द करने की अपील की है। संगठन ने इस मामले में न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय कानून की मांग की है। संगठन की अपील को देखते हुए इस हड़ताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हो रहे हैं।

<><><><><><><>

इस बीच, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भी आई एम ए के आहवान पर ओ पी डी सेवाएं बंद की गई है, जो कल सुबह छः बजे तक उपलब्ध नहीं होगी। अनिम्स के निदेशक डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि कैजुअलटी और आपातकालीन ऑपरेशन सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं पर असर नहीं पड़ा है। पोर्ट ब्लेयर के अलावा द्वीपों के अन्य ज़िला अस्पतालों और सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में भी आज से लेकर कल सुबह छः बजे तक सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों से हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख को अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में कहा है कि हाल ही में यह देखा गया है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा करना आम बात हो गई है और कई स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी के दौरान हिंसा का सामना करना पड़ता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने आज हम्फ्रीगंज, छोलदारी और सीपीघाट क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकासीय कार्यों का निरीक्षण किया। उनके दौरे के दौरान एस डी एम विनायक चमाड़िया, संबंधित क्षेत्र के प्रधान, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य और राजस्व अधिकारी भी उपस्थित थे। हम्फ्रीगंज में बलिदान वेदी के निरीक्षण के दौरान प्रधान ने क्षेत्र में इसके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाते ध्वनि और प्रकाश का कार्यक्रम शुरू करने का अनुरोध किया। टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंगलूटान का दौरा कर

भवन में सुधार के बारे में चर्चा की। बंद पड़े स्ट्रीट लाईट को तुरंत बदलने का भी ज़िला उपायुक्त ने निर्देश दिया। टीम ने उन सभी क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया, जहां मिट्टी काटने के लिए अनुमति मांगी गई है। ज़िला उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बिना सतही जांच और वास्तविकता को परखे बिना प्रस्ताव पारित नहीं किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के प्रति घंटा समाचार बुलेटिन के प्रसारण क्रम में संशोधन किया गया है। यह परिवर्तन आज मध्य रात्रि बारह बजे से बुलेटिन के साथ लागू होगा। पहले हिंदी समाचार बुलेटिन प्रसारित होंगे, उसके तुरंत बाद पांच मिनट के अंग्रेजी समाचार भी प्रसारित किये जायेंगे।

<><><><><><><>

सरकार नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों तक किसानों की पहुंच बनाने के लिए रेडियो पर एक कार्यक्रम किसानों की बात आरंभ करेगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर होगा। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम सितम्बर में शुरू होगा।

<><><><><><><>

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण और वन विभाग के दक्षिण अंडमान वन संभाग की ओर से कल मणिपुर पर्वत के प्रवेश द्वार पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। प्रधान मुख्य वनपाल संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों ने भी फलदार पौधे लगाए।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के रेड रिब्बन क्लब और अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से आज पांच किलोमीटर हाफ मैराथन रेड रन का आयोजन किया गया। युवाओं में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। दौड़ को टैगोर कॉलेज के प्राचार्य ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें कुल तिरपन प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों, मित्रों और रिश्तेदारों की तस्वीरों को प्रोफाइल फोटो के रूप में उपयोग कर वित्तीय साइबर धोखाधड़ी करने वाले लोगों पर परामर्श जारी किया है। पुलिस ने कहा है कि इसमें जालसाज व्हाट्सऐप अकाउंट से वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की तस्वीरों को प्रोफाइल फोटो के रूप में उपयोग करके व्हाट्सऐप संदेश भेजते हैं। इनमें अमेज़ोन, फ्लिपकार्ट या अन्य ई–कॉमर्स प्लेटफार्मों पर गिफ्ट कार्ड प्राप्त करने की मांग की जाती है। इनसे बचने के लिए पुलिस ने किसी अज्ञात मोबाइल नम्बर से व्हाट्सऐप संदेश प्राप्त होने पर मोबाइल नम्बर की प्रमाणिकता की जांच करने को कहा है। यदि कोई वित्तीय सहायता संबंधी अनुरोध करता है, तो संबंधित वरिष्ठ अधिकारी से फोन करके इसकी पुष्टि करने को कहा गया है। व्हाट्सऐप, टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप्स पर अज्ञात संदेशों का उत्तर न दें। बिना प्राइवेसी फिल्टर के ऑनलाइन फोटो या वीडियो साझा करने से बचें। सहायता और अधिक जानकारी के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना के हेल्प लाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य और अंडमान निकोबार पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज द्वीपसमूह के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के हेल्थ और वेलनेस एम्बेसेडरों के लिए SHWP-MIS मोबाइल अप्लीकेशन पर शिक्षा सदन में प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण

कार्यक्रम के राज्य स्रोत विशेषज्ञ राजा राम और सुनीता शर्मा, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य और स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में करीब साठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की पहली और दूसरे वर्ष की स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए नियमित कक्षाएं इक्कीस अगस्त से आरंभ होंगी।

उधर, महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्रोत शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अंतिम पैनल कॉलेज और प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

इस बीच, अंडमान कॉलेज में स्नातक स्तर के खाली पड़े सीटों के लिए दूसरे चरण का परामर्श और प्रवेश का कार्यक्रम इक्कीस अगस्त से तेईस अगस्त तक चलेगा। अंतिम योग्यता सूची में शामिल उम्मीदवारों से जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अट्ठारह जनवरी को संस्थान के सभी केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि सोलह सितम्बर है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तेरह दशमलव आठ मिलीमीटर, ननकौड़ी में तेरह दशमलव चार, मायाबंदर में तेरह और लांग आइलैंड में छः दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>